an>

Title: Need to set up National Kamdhenu Breeding centre in Betul, Harda and Harsud in Madhya Pradesh.

श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल) : अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम एक महत्वपूर्ण विÂषय उठाना चाहती हूं। ...(व्यवधान) इस देश के प्रधानमंत्री जी ने किसानों के हित में अनेक बड़े फैसले किए हैं, जैसे फसल बीमा योजना।...(व्यवधान) मेरा संसदीय क्षेत्र किसान बहुल है, आज वहां किसानों के पास बैतूल का बड़ा वन क्षेत्र है और किसानों के पास स्वदेशी नस्ल की गाय हैं, जिससे इस क्षेत्र में दूध का उत्पादन अच्छा हो रहा है।...(व्यवधान) साथ ही कृÂषक खेतों की उर्वरक शक्ति का गोबर खाद के माध्यम से भरपूर उपयोग भी कर रहे हैं। इस क्षेत्र में वन परिक्षेत्र बहुत बड़ा है, जिससे भरपूर मात्रा में हरा चारा भी कृÂषकों को उपलब्ध हो जाता है। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करती हूं कि मेरे क्षेत्र में राष्ट्रीय कामधेनु प्रजनन केन्द्र (एनकेबीसी) की स्थापना की जाए, ताकि इस क्षेत्र के पशुओं की देशी नस्ल में सुधार व संरक्षण में कृषकों को सुविधा प्राप्त हो।...(व्यवधान) केन्द्र स्थापना हेतु जिले में पर्याप्त भूमि उपलब्ध है।...(व्यवधान)

अतः मैं आपके माध्यम से यही अनुरोध करती हूं कि बैतूल, हरदा और हरसूद जिलों में राष्ट्रीय कामधेनु प्रजनन केन्द्र (एनकेबीसी) स्थापित करें, ताकि इस क्षेत्र के कृÂषकों को इस प्रोजेक्ट का लाभ प्राप्त हो सके।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

श्री सुधीर गुप्ता को श्रीमती ज्योति धुर्वे द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।